## Quantitative Aptitude Mega Quiz for RRB

**Q1.** 94 को दो भागों में इस प्रकार विभाजित किया गया है, कि पहले का पांचवां भाग और दूसरे का आठवाँ भाग 3: 4 के अनुपात में है. पहला भाग है?
(a) 30
(b) 36
(c) 40
(d) 28

**Q2.** $(3+\sqrt{2})$ और $(12-\sqrt{32})$ के बीच माध्य समानुपाती है:
(a) $\sqrt{7}$
(b) $2\sqrt{7}$
(c) 6
(d) $\frac{(15-3\sqrt{2})}{2}$

**Q3.** एक स्कूल में, लडकों का लड़कियों से अनुपात 4: 3 है और लड़कियों का शिक्षकों से अनुपात 8: 1 है. विद्यार्थियों का शिक्षकों से अनुपात है?
(a) 56:1
(b) 55:1
(c) 49:3
(d) 56:3

**Q4.**
यदि $(x^3 - y^3) : (x^2 + xy + y^2) = 5 : 1$ और $(x^2 - y^2) : (x - y) = 7 : 1$,
तो $2x : 3y$ अनुपात बराबर है?
(a) 4:1
(b) 4:3
(c) 2:3
(d) 3:2

**Q5.** एक स्कूल में 132 परीक्षार्थियों में, सफल का असफल विद्यार्थियों से अनुपात 9: 2 है. यदि 4 अधिक विद्यार्थी सफल होते तो सफल का असफल विद्यार्थियों से अनुपात कितना होता?
(a) 14:3
(b) 14 : 5
(c) 28 : 3
(d) 28 : 5



**Q6.** p: q (p ≠ q के लिए) अनुपात पाने के लिए, अनुपात x: y के प्रत्येक पद में एक संख्या को जोड़ा जाना चाहिए, वह संख्या है:

(a) $\frac{px + qy}{p - q}$

(b) $\frac{qx - py}{p - q}$

(c) $\frac{px - qy}{p - q}$

(d) $\frac{py - qx}{p - q}$

**Q7.** पिता और पुत्र की आयु का योग 100 वर्ष है. 5 वर्ष पहले उनकी आयु का अनुपात 2: 1 था. 10 वर्ष बाद पिता और पुत्र की आयु का अनुपात होगा:
(a) 5:3
(b) 4:3
(c) 10:7
(d) 3:5

**Q8.** दो संख्याओं का अनुपात 3: 4 है और उनका म.स. 15 है, तो दोनों संख्याओं का योग कितना होगा?
(a) 120
(b) 115
(c) 105
(d) 110

**Q9.** तीन कक्षाओं में विद्यार्थियों की संख्या का अनुपात 2: 3: 4 है. यदि प्रत्येक कक्षा में 12 विद्यार्थी बढ़ा दिए जाते हैं, तो यह अनुपात बदलकर 8: 11:14 हो जाता है. आरंभ में तीनों कक्षाओं में विद्यार्थियों की कुल संख्या कितनी है?
(a) 54
(b) 96
(c) 108
(d) 162

**Q10.** 11 संख्याओं का औसत 36 है, जबकि उनमें से 9 का औसत 34 है. यदि शेष दो संख्याओं का अनुपात 2: 3 है, तो छोटी संख्या का मान ज्ञात कीजिये (शेष दो संख्याओं के बीच)?
(a) 45
(b) 48
(c) 54
(d) 36

**Q11.** 40 व्यक्तियों की औसत आय 4200 है और अन्य 35 व्यक्तियों की औसत आय 4000 रु. है. पूरे समूह की औसत आय कितनी है?

(a) Rs. 4100

(b) Rs. $4106\frac{1}{3}$

(c) Rs. $4106\frac{2}{3}$

(d) Rs. $4108\frac{1}{3}$

**Q12.** निम्नलिखित संख्याओं का औसत माध्य है: 1, 2, 2, 3, 3, 3, 4, 4, 4, 4, 5, 5, 5, 5, 5, 6, 6, 6, 6, 6, 6 और 7, 7, 7, 7, 7, 7, 7?
(a) 4
(b) 5
(c) 14
(d) 20

**Q13.** 12 व्यक्तियों में से पहले 11 व्यक्तियों का औसत वजन 95 किलो है। 12 वें व्यक्ति का वजन सभी 12 व्यक्तियों के औसत वजन से 33 किलोग्राम अधिक है। तो 12 वें व्यक्ति का वजन कितना है?
(a) 128.75 kg
(b) 128 kg
(c) 131 kg
(d) 97.45 kg

**Q14.** एक लाइब्रेरियन ने अपनी लाइब्रेरी के लिए 50 किताबें खरीदीं। लेकिन उसने देखा कि वह 76 और रुपये खर्च करके 14 और किताबें प्राप्त कर सकता हैं साथ ही प्रति पुस्तक औसत मूल्य 1 रु. कम हो जाएगा। तो उसके द्वारा खरीदी गयी प्रत्येक पुस्तक की औसत कीमत (रु. में) हैं-
(a) 9
(b) 10
(c) 15
(d) 20

**Q15.** 13 क्रमिक विषम पूर्णांक की श्रृंखला में पहले 7 पूर्णांक का औसत 37 है। तो पूरी श्रृंखला का औसत क्या होगा?
(a) 37
(b) 39
(c) 41
(d) 43

**Q16.** एक कक्षा के नौ छात्र एक निश्चित राशि का योगदान करते हैं। इनमें से सात ने 50 रु. प्रत्येक और अन्य दो ने दूसरों की तुलना में क्रमशः 50 रु. और 90 रु. अधिक राशि का योगदान किया। 9 छात्रों की कक्षा का औसत योगदान है?
(a) Rs. 50
(b) Rs. 70
(c) Rs. 100
(d) Rs. 120

**Q17.** n संख्याओं का औसत a है। पहली संख्या में 2 की वृद्धि की जाती है, दूसरी में 4 की वृद्धि की जाती है, तीसरी संख्या में 8 की वृद्धि की जाती है और इसी प्रकार आगे भी। नई संख्याओं का औसत है?
(a) $a + \frac{2(2^n - 1)}{n}$
(b) $a + \frac{(2^{n-1} - 1)}{n}$
(c) $a + \frac{2^{n-1}}{n}$
(d) $a + \frac{(2^n - 1)}{n}$

**Q18.** चार संख्याओं में से, पहली तीन का औसत 18 है और अंतिम तीन का औसत 16 है. यदि अंतिम संख्या 19 है, तो पहली संख्या है:
(a) 18
(b) 19
(c) 20
(d) 25




**Q19.** एक व्यक्ति 8 महीने में उतना खर्च करता है जितना कि वह 6 महीने में कमाता है. वह वर्ष में 6000 रु. की बचत करता है. उसकी औसत मासिक आय है:
(a) Rs. 2000
(b) Rs. 1800
(c) Rs. 2150
(d) Rs. 2400

**Q20.** महेंद्र सिंह धोनी का 64 पारियों में रनों का एक निश्चित औसत था। अपनी 65वीं पारी में, वह अपनी ओर से बिना किसी स्कोर के आउट हो गए। इससे उनका औसत 2 रन कम हो जाता है। उनके रनों का नया औसत है?
(a) 130
(b) 132
(c) 128
(d) 68

SSC adda247

**Q21.** वर्ष 2005 में एक मकान की कीमत X लाख रुपये थी। 3 वर्ष बाद, जिस कीमत पर मकान की मालकिन ने इसे ख़रीदा था उससे 25% अधिक पर बेचती है। लेकिन उसे लाभ के 50% का कर रूप में भुगतान करना पड़ता है। उसे कितने कर की राशि का भुगतान करना पड़ता है?
(a) X/2
(b) X/8
(c) X/4
(d) X/12

**Q22.** एक व्यक्ति 3 गाय और 8 बकरियों को 47,200 रुपये में खरीदता है। इसके बजाय यदि वह 8 गाय और 3 बकरियों को खरीदता तो उसे 53,000 रुपये अधिक का भुगतान करना पड़ता। एक गाय का मूल्य कितना है?
(a) Rs. 10,000
(b) Rs. 11,000
(c) Rs. 12,000
(d) Rs. 13,000

**Q23.** एक व्यापारी किसी वस्तु को 20% की हानि पर बेचता है. यदि विक्रय मूल्य 100 रु. बढ़ा दिया जाता है तो 5% का लाभ होता है. वस्तु का क्रय मूल्य (रुपये में) क्या था?
(a) 100
(b) 300
(c) 500
(d) 400

**Q24.** एक व्यापारी एक हाथ घड़ी और एक दीवार घड़ी 390 रुपये में खरीदता है। वह इन्हें हाथ घड़ी पर 10% के लाभ और दीवार घड़ी पर 15% के लाभ पर बेचता है। वह 51.50 रुपये का लाभ अर्जित करता है। दीवार घड़ी और हाथ घड़ी के वास्तविक मूल्य में अंतर कितना है?

(a) Rs. 390

(b) Rs. 140

(c) Rs. 110

(d) Rs. 250

**Q25.** यदि 73 वस्तुओं की कुल लागत 5,110 रु. है और ऐसी 89 वस्तुओं का कुल बिक्री मूल्य 5,607 रु. है, तो लेन-देन में, होगा-

(a) 10% का लाभ

(b) 15% की हानि

(c) 10% की हानि

(d) 15% का लाभ

**Q26.** एक व्यक्ति ने एक टीवी को 9,400 रुपये में बेच दिया और उसे एक निश्चित राशि की हानि हुई। जब उसने उसी प्रकार का एक और टीवी 10,600 रुपये में बेचा, तो उसका लाभ पिछली हानि से दोगुना था। प्रत्येक टीवी का क्रय मूल्य कितना था?

(a) Rs. 9800

(b) Rs. 10,000

(c) Rs. 10,050

(d) Rs. 9850

**Q27.** यदि किसी वस्तु का विक्रय मूल्य दोगुना हो जाता है, तो उसका हानि प्रतिशत, समान लाभ प्रतिशत में बदल जाता है। वस्तु पर हानि प्रतिशत है?

(a) $26\frac{2}{3}$ %

(b) $28\frac{2}{7}$ %

(c) $33\frac{1}{3}$ %

(d) 34 %

**Q28.** चावल के मूल्य में 20% की कमी क्रेता को 1200 रूपये में 5 किग्रा अधिक चावल खरीदने में सक्षम बनाती है. चावल का प्रति किग्रा घटा हुआ मूल्य होगा:-

(a) 60

(b) 48

(c) 20

(d) 25

**Q29.** कुछ टॉफियां 10 रु. में 11 रुपये की दर से खरीदी गईं और उतनी ही टॉफियां 10 रु. में 9 की दर से खरीदी गईं। यदि पूरे लॉट को एक रुपये प्रति टॉफी पर बेचा जाए, तो पूरे लेनदेन में कितना लाभ या हानि होगी?
(a) 1% की हानि
(b) 1% का लाभ
(c) 2% की हानि
(d) न तो हानि न लाभ




**Q30.** एक व्यापारी एक वस्तु को खरीदता है और 5% की हानि पर बेचता है। यदि वह इसे 10% कम में खरीदता और 33 रुपये अधिक में बेचता, तो उसे 30% का लाभ प्राप्त होता। उस वस्तु का क्रयमूल्य ज्ञात कीजिये।
(a) Rs. 330
(b) Rs. 155
(c) Rs. 150
(d) Rs. 300